Press Information Bureau
Government of India

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

# क्या बोले यूपी - डीडी न्यूज़ की नई पेशकश

Posted On: 29 NOV 2021 5:54PM by PIB Delhi

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सबकी निगाहें इस वक्त उत्तर प्रदेश पर टिकी हैं, क्यूंकि राजनीतिक विशेषज्ञों की मानें तो  देश के इस सूबे से दिल्ली की राजनीति प्रभावित होती है। इसलिए डीडी न्यूज़ ने तय किया कि चुनाव से पहले आपको राज्य के चुनावी माहौल के साथ हीं असली तस्वीर से अवगत कराए। उत्तर प्रदेश के मतदाताओं के मन-मिजाज की जानकारी उनकी हीं जुबानी जानने के लिए डीडी न्यूज़ लेकर आया है खास कार्यक्रम 'क्या बोले यूपी'।

इस कार्यक्रम में डीडी न्यूज़ की टीम सीधे जनता से बात करती है। इस बातचीत के जरिए यह दिखाने की कोशिश की जा रही है कि जो सरकारी योजनाएं बनाई गई हैं, जिन्हें सफलतापूर्वक लागू करने के जो दावे किए जा रहे हैं, जमीनी स्तर पर उनकी क्या स्थिति है।

डीडी न्यूज़ की टीम ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की वाराणसी से, जो अब मिर्ज़ापुर, प्रयागराज, सुल्तानपुर, अयोध्या होते हुए लखनऊ पहुंच गई है और इसके बाद पूर्वांचल से बुंदेलखंड और रूहेलखंड तक जनता के बीच पहुंचेगी।

उत्तर प्रदेश के मन-मिजाज को भांपने वाला यह ख़ास कार्यक्रम हफ़्ते में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को शाम 7 बजे डीडी न्यूज़ पर और शाम 6:30 बजे डीडी उत्तर प्रदेश पर प्रसारित हो रहा है। इस कार्यक्रम के सभी एपिसोड आप नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक कर या क्यूआर कोड को स्कैन कर देख सकते हैं।

https://www.youtube.com/playlist?list=PLxx0m3vtiqMb6aqfppUDskQ88qm4Wp_zP

SS

(Release ID: 1776186) Visitor Counter : 137

Download PIB APP

Available on the App Store

Get it on Google play

MAKE IN INDIA

PORTAL FOR PUBLIC GRIEVANCES

GOI web directory

## RTI and Contact Us

- WHO'S WHO AT PIB
- Telephone Number of Regional Branch Offices of PIB
- Information Manual
- Transparency Audit
- Internal Complaints Committee
- Work Allocation
- RTI Transparency Audit Compliance
- Telephone Nos of PIB Officers of Hqrs
- Public Grievance Officer
- CPIOs Appellate Authority List
- Citizen Charter
- Allocation Budget
- Liaison Officer
- Web Info Manager

## GOI Links

- Ministry of Information and Broadcasting
- Ministry of Agriculture & Farmers Welfare
- Ministry of Textiles
- Ministry of Commerce & Industry
- Ministry of Defence

Ministry of Finance

Ministry of Health and Family Welfare

Ministry of Home Affairs

Ministry of Housing and Urban Affairs

Ministry of Education

More

Tenders | Archives | Terms & Conditions | Copyright Policy | Privacy Policy | Hyperlinking Policy | Help

Site is hosted by National Informatics Centre (NIC). Information is provided and updated by Press Information Bureau "A" wing, Shastri Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi – 110001, Phone: 23389338.

**Visitor Counter:** 64184

Last Updated On: **02 Dec 2021 16:16:00 PM**